आकाशवाणी चंडीगढ़

31 मई 2025, समय 1810

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला भारत की नारी शक्ति को चुनौती थी और ऑपरेशन सिंदूर इस हमले की साजिश करने वालों के लिए मौत का संदेश साबित हुआ।
2. प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की हर बड़ी योजना में महिलाओं की बड़ी भूमिका है।
3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में अहिल्याबाई होलकर स्मारक बनाने की घोषणा की।
4. भारत की नाराजगी के बाद कोलंबिया ने पाकिस्तान के प्रति हार्दिक संवेदना जताने वाले बयान को वापस लिया।
5. आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हरियाणा में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

---------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला भारत की नारी शक्ति को चुनौती थी और यह इस हमले की साजिश करने वालों के लिए मौत का संदेश साबित हुआ है। भोपाल में आयोजित जनसभा में श्री मोदी ने कहा कि भारत किसी भी तरह का परोक्ष युद्ध बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसी किसी भी आतंकी कार्रवाई से सख्ती से निपटा जाएगा।

*ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध प्रोक्सी वार नहीं चलेगा। अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा, उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।*

प्रधानमंत्री भोपाल के जम्बूरी मैदान में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी लेकिन यही चुनौती उनके लिए और उनके आकाओं के लिए घातक साबित हुई। हमारी सेना ने सैकडों किलोमीटर भीतर जाकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर देश के इतिहास में अब तक की सबसे बडी सफलता है।

*भारत संस्कृति और संस्कारों का देश है और सिंदूर नारी शक्ति का प्रतीक है और यही सिंदूर अब भारत की शौर्य का प्रतीक बना है।*

सरकार की जनकल्याण योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के नागरिक देवो भव: मत्र को भी शासन में अपना रही है। हमारी सरकार महिला नेतृत्व में विकास के दृष्टिकोण को मुख्य आधार बना रही है। सरकार की हर बडी योजना में महिलाओं की भूमिका मुख्य है।

---------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश में अहिल्याबाई होल्कर स्मारक बनाने की घोषणा की है। वह आज अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर कुरुक्षेत्र के पिपली खंड में आयोजित राज्य स्तरीय जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा-

मुख्यमंत्री ने अहिल्याबाई होल्कर स्मारक बनाने के लिए 31 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारतवर्ष की गौरवशाली वीरांगना देवी मातेश्वरी होलकर का जीवन एक खुली किताब है। आज का दिन आत्ममंथन और संकल्प का दिन है।

श्री सैनी ने कहा कि धर्म और आस्था को जीवित करने का काम माता अहिल्याबाई होल्कर ने किया है। हमारी सरकार विरासत के विकास की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने अहिल्या बाई के जीवन से जुड़ी जनसंपर्क विभाग की प्रर्दशनी का अवलोकन भी किया।

---------------------------------------------------------------------------------

आज माता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर अम्बाला के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर नाटिका प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कार भारती अम्बाला एवं मसखरे रंगमंच के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। नाटिका में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के मुख्य पहलुओं को दर्शाया गया।

-----------------------------------------------------------

भारत की नाराजगी के बाद कोलंबिया ने पाकिस्तान के प्रति हार्दिक संवेदना जताने वाले बयान को वापस ले लिया है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सात बहुदलीय संसदीय शिष्टमंडल ने आज कोलम्बिया में उपविदेश मंत्री रोजा योलांदा विलाविसेंसियो तथा वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

यह दल आतंकवाद के प्रति भारत का संकल्प व्यक्त के लिए विदेशों में उच्चस्तरीय वार्ता कर रहा है।

सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से श्री थरूर ने बताया कि उन्होंने कोलंबिया द्वारा पाकिस्तान के प्रति दिए गए बयान को लेकर भारत की आपत्ति को दर्ज करवाया। जिसके बाद कोलंबिया के मंत्रियों ने आश्वासन दिया कि यह बयान

वापस ले लिया गया है और अब भारत की स्थिति उन्हें सही तरीके से समझ में आ गई है, जिसका वे भरपूर समर्थन करते हैं।

----------------------------------------

आज केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के साथ चंडीगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

चंडीगढ़ के सेक्टर 42 के पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज फॉर गर्ल्स में होने वाले इस सम्मान समारोह में 8 अंतर्राष्ट्रीय और 479 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

आज उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बेसबॉल, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, साइकिलिंग सहित 28 खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

प्रशासन द्वारा इन खिलाड़ियों को 5 करोड़ 67 लाख रुपए से अधिक की नकद पुरस्कार राशि और एक करोड़ 32 लाख रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदानकी गई

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा बिलियर्ड्स और स्नूकर हॉल और शतरंज केंद्र का भी उदघाटन किया गया । शतरंज केंद्र सेक्टर 39 एवं 8 के खेल परिसर में तथा बिलियर्ड्स एवं स्नूकर हॉल सेक्टर 42 के खेल परिसर में बनाए गए हैं।

--------------------------------------------------

आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है। लोगों को तम्बाकू के सेवन से होने वाले खतरों की जानकारी देने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अम्बाला में अटल कैंसर सेंटर की कैंसर विशेषज्ञ डॉ. मंजू सीलू ने एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित किया। डॉ. जितेंद्र चौहान ने बताया कि तंबाकू के सेवन से केवल फेफड़े ही नहीं, बल्कि मुंह, गला और गले के आसपास के हिस्सों में भी गंभीर बीमारियां, विशेषकर कैंसर, उत्पन्न हो सकती हैं।

पलवल में हरियाणा के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को सफल बनाने के लिए आमजन की भागीदारी जरूरी है।

भिवानी में महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट एवं शहीद-ए-आजम वीर उधम सिंह प्रदेश महासभा के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई।

-----------------------------------------

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश में तैयारियां जोरों पर हैं। कारागार विभाग तथा आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज प्रदेश की जिलों में बंद कैदियों को योगाभ्यास कराया गया। पलवल के जिला कारागार जेल अधीक्षक धर्मचंद की उपस्थिति में कैदियों के लिए प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कराया गया।

गुरुग्राम के भोंडसी स्थित जेल में 3045 बंदियों ने योग अभ्यास किया। इस अवसर पर जेल विभाग के महानिदेशक मोहम्मद अकील ने योग शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने बंदियों से बाहर जाकर रोजगार की संभावनाएं तलाशने, अपराध की दुनिया को छोड़कर अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत करने की कामना की।

उधर पानीपत की जिला जेल में भी आज योग आचार्य अशोक अरोड़ा तथा आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों ने जेल में बंद सभी कैदियों, अधिकारियों व कर्मचारियों को योग अभ्यास करवाया।

-------------------------------------------------------

हरियाणा की बेटियों ने खेलों के क्षेत्र में एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। तीसरे यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग रैंकिंग सीरीज इवेंट में भारत के पदकों की संख्या अब 12 हो गई है, जिसमें 5 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य शामिल हैं। मंगोलिया में उल्लानबातर ओपन 2025 में भारत ने 6 पदक जीते। जिनमें 4 स्वर्ण पदक हैं। महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा की पहलवान अंतिम पंघाल ने एथलीट नतालिया मालिशेवा को 10-शून्य से हराकर स्वर्ण पदक जीता है।

इसी प्रकार 57 किलोग्राम वर्ग में पहली बार भाग लेने वाली नेहा सांगवान ने ओलंपियन बोलोरतुया खुरेलखू को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं 59 किलोग्राम वर्ग में मुस्कान ने और 72 किलोग्राम वर्ग में हर्षिता ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

-------------------------